SUNDAY | 03.12.2023 | मार्गशीर्ष कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2080 | उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

PAGE NO, 08, BOTTOM RIGHT

अग लावां मजबूरी नु आन जान दी पसूरी नु...से जवां हुई स्टार नाइट

प्रस्तुति देतीं शाहीन सलमानी।

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट का समापन हुआ। रॉकनामा बैंड की प्रस्तुति व शाहीन सलमानी की आवाज ने शाम को यादगार बना दिया। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने 38 सांस्कृतिक स्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए।

स्टार नाइट में शाहीन सलमानी ने फिल्म कबीर सिंह के चर्चित गाने कैसे हुआ, कैसे हुआ... तू इतना जरूरी कैसे हुआ से शुरुआत की। इसके बाद पाकिस्तानी गायक अली सेठी और साईं गिल के गाने अग लावां मजबूरी नु आन जान दी पसूरी नु... को गाकर माहौल खुशनुमा बना दिया। महोत्सव के दूसरे दिन का आगाज हैंड्स फ्री पेंटिंग से हुआ। इसके बाद अंताक्षरी, कौन बनेगा चैंपियन, युगल गीत जैसी 15 स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डा.एलएस मौर्या उपस्थित रहे। संवाद